## खबर संक्षेप

### विश्व जल दिवस पर ग्राम जाम में हुआ जल महोत्सव

**सौंसर।** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार, विश्व जल दिवस के अवसर पर विकासखंड सौंसर के ग्राम जाम में "जल महोत्सव – गर्व का पर्व, हर घर नल से जल उत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता और जल स्त्रोतों को बचाने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामीण महिलाओं और ग्राम सरपंच द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान 'नल पूजन' कर जल की महत्ता को रेखांकित किया गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार हुआ, जिसके बाद सभी ग्रामीणों को जल संवर्धन और जल बचाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। जल महोत्सव के माध्यम से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विभागीय अधिकारियों ने नल-जल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, जल स्त्रोतों की शुद्धता बनाए रखने और स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। आयोजन सहायक यंत्री सुभाष गाडगे के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच मनोज ठाकरे, विभागीय उपयंत्री अभय चौरसिया, विकासखंड समन्वयक श्रीमती मीनाक्षी सोमकुवर, मिलिंद ठाकरे ग्राम पंचायत सचिव मैनावती जूनघरे, रोजगार सहायक देवानंद नारनवरे, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

### महावीर जन्मकल्याणक पर लगा निःशुल्क हृदय रोग शिविर

**छिंदवाड़ा।** तीर्थंकर महावीर भगवान के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव की खुशी में सकल जैन समाज के सेवा भावी युवाओं द्वारा वीतराग भवन गोल गंज में प्लेटिना हॉस्पिटल नागपुर के सहयोग से दो दिवसीय निःशुल्क हृदय रोग एवं स्तन रोग जांच शिविर लगाकर समाज सेवा की अनुकरणीय मिशाल पेश की गई।निःशुल्क शिविर में टीम प्लेटिना द्वारा 375 हृदय रोगियों सहित 150 स्तन रोगियों की जांच कर समुचित उपचार कर उनके स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना की गई।

## सरकारी पाइप लाइन रिसाव से बर्बाद हुआ किसान का खेत, मेंटाना कंपनी का है ठेका

# सरकारी लापरवाही या दिखावटी जनसुनवाई

## 9 बार जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी किसान को नहीं मिला न्याय





किसान विनोद लाड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)

छिंदवाड़ा जिले की सांवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनमऊ में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदारी व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई है। यहां एक गरीब किसान की मेहनत पर सरकारी योजनाओं की बदइंतजामी ने ऐसा पानी फेरा है कि अब उसके पास आंसुओं के अलावा कुछ नहीं बचा। सारोठ जलाशय से सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइपलाइन अब वरदान नहीं बल्कि अभिशाप बन गई है।

**मामला ग्राम सोनमऊ निवासी किसान विनोद लाड़े पिता दौलत लाड़े** का है, जिनके खेत में पांच माह पूर्व सिंचाई योजना के तहत पाइपलाइन डाली गई थी। लेकिन शुरुआत से ही यह पाइपलाइन रिसाव की समस्या से जूझ रही है। बरसाती पानी के साथ-साथ पाइपलाइन से लगातार हो रहा रिसाव अब इतना बढ़ गया है कि किसान की सोयाबीन और टमाटर की पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है। खेत में पानी भर जाने से जमीन दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे करीब दो से तीन एकड़ भूमि अनुपयोगी हो गई है।

इसके बावजूद संबंधित जल संसाधन विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? या फिर ठेकेदारों के दबाव में आंखें मूंदकर बैठा है?

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य एक निजी कंपनी मेंटाना के ठेकेदार द्वारा किया गया था, जो अब अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए उल्टा किसान को ही धमकाने में लगा हुआ है।

यह स्थिति न केवल चिंताजनक है बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। क्या यह जनसुनवाई वास्तव में जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए है या फिर महज एक औपचारिकता बनकर रह गई है? जब एक किसान की 9 बार की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, तो यह व्यवस्था की नाकामी का जीता-जागता उदाहरण बन जाता है।

### 9 बार शिकायत के बाद जनसुनवाई पर उठ रहे सवाल

हैरानी की बात यह है कि पीड़ित किसान ने इस गंभीर समस्या को लेकर एक-दो बार नहीं बल्कि पूरे 9 बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। हर बार उसे आश्वासन मिला, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी जस की तस बनी हुई है। सवाल यह उठता है कि आखिर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था का क्या मतलब रह जाता है, जब एक किसान को बार-बार गुहार लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिलता? इस पूरे मामले में नायब तहसीलदार मोहखेड़ द्वारा भी जल संसाधन विभाग को पत्र लिखकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पाइपलाइन के रिसाव की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। हल्का पटवारी द्वारा मौके की जांच रिपोर्ट में भी यह साफ तौर पर सामने आया है कि खसरा नंबर 272/8 सहित अन्य जमीनों में पाइपलाइन से पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे खेतों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और फसलें नष्ट हो रही हैं।

### किसान को परिवार के भरण पोषण की सता रही चिंता

किसान विनोद लाड़े आज पूरी तरह से परेशान और निराश हैं। उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। फसल बर्बाद होने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है, वहीं अब अगली फसल की तैयारी भी मुश्किल नजर आ रही है। परिवार के भरण-पोषण की चिंता अलग से सता रही है। यह मामला सिर्फ एक किसान का नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र की विफलता को उजागर करता है। सरकार एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर ऐसी लापरवाहियां किसानों को बर्बादी की कगार पर पहुंचा रही हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है। क्या दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कोई सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा? अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आक्रोश किसी बड़े आंदोलन का रूप भी ले सकता है। किसान अब न्याय की आस लगाए बैठा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या उसे समय रहते न्याय मिल पाएगा या फिर वह यूं ही सिस्टम की बेरुखी का शिकार बना रहेगा?

# मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

### दमुआ पुलिस की त्वरित कार्रवाई, मुखबिर की सूचना पर टीम गठित कर पाई 48 घंटे में सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



छिंदवाड़ा जिले के दमुआ थाना पुलिस ने गंभीर मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 मार्च 2026 की शाम करीब 6:50 बजे ग्राम सैदालघुन्दी निवासी केदारनाथ यदुवंशी अपने भाई धनराज यदुवंशी के साथ मोटरसाइकिल से रामपुर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात हमलावरों ने चेहरे पर कपड़ा बांधकर उन पर हमला कर दिया। हमले में धनराज के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि गिरने से उनके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। केदारनाथ को भी हाथ और पैर में चोटें लगीं।

घटना की रिपोर्ट पर थाना दमुआ में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 22 मार्च को आरोपी सोनू यदुवंशी और खेमलाल यदुवंशी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 15 हजार रुपये लेकर धनराज यदुवंशी की हत्या की साजिश रची थी और उसी के तहत हमला किया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं तीसरे फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी जुन्नारदेव सुनील वरकड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम सहित पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी, अवैध गुमठियां हटाई गईं



**छिन्दवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार आज शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान योजना शाखा के सामने फल एवं जूस विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया। कार्यवाही के अंतर्गत बड़बन क्षेत्र में अवैध रूप से लगी गुमठियों को हटाया गया। साथ ही नागपुर रोड स्थित चर्च के सामने से भी अवैध गुमठियों को हटाते हुए मार्ग को अवरोध मुक्त कराया गया। इसके अतिरिक्त एमएलबी स्कूल के बाजू वाली सड़क से भी अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। नगर निगम द्वारा संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश भी दी गई।

# महिलाओं ने किया सामूहिक सुहागले पूजन



छिन्दवाड़ा : चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि के अवसर पर श्रीकृष्णपुरम कॉलोनी के मंदिर में कॉलोनी की महिलाओं ने सामूहिक सुहागले पूजन किया। इस दौरान कॉलोनी की समस्त महिलाएं मौजूद थी।

# 2800 कि.ग्रा. महुआ लहान और 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा की गई बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुकत बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में शहर के आबकारी अमले द्वारा आज सोमवार को सुबह के वक्त सर्वप्रथम ग्राम गंगई और रोहना में दबिश दी गई, टीम को नाले और डैम के किनारे विभिन्न स्थानों में प्लास्टिक के ड्रम और पन्नियों में भरा हुआ महुआ लहान बरामद हुआ, जिसे विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही मौके से बरामद की गई हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इसके बाद ग्राम कपरवाड़ी में भी नाले के किनारे विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक की कैन में मिले महुआ लहान को बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 के तहत आरोपियों पर कुल 7 प्रकरण दर्ज किए गए साथ ही 2800 किलोग्राम महुआ लहान और 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। कार्यवाही में एडीईओ श्री जी.एल.मरावी, आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम के साथ ही आबकारी अमला उपस्थित था।

# जुलूस, रैली के दौरान लोहे के पाइप में झंडा न लगाएं, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें - कलेक्टर

### हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी रामनवमी एवं हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जिले में 27 मार्च 2026 को रामनवमी पर्व और 02 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती का पर्व मनाए जाएगा। इन त्यौहारों के दौरान कानून, शांति एवं अन्य व्यवस्था बनाये जाने के संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति के सदस्यों से चर्चा के उपरांत विभिन्न सुझाव लिए गए और संबंधित अधिकारियों को तदनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शांति समिति के सभी सदस्यों ने ईद - उल - फितर पर्व के दौरान प्रशासन - पुलिस द्वारा की गई बेहतर कानून व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया और आगामी सभी त्यौहारों में भी पूरा सहयोग करते हुए सद्भाव, अमन और भाईचारे से त्यौहार मनाए जाने का भरोसा प्रशासन- पुलिस को दिलाया है।

कलेक्टर श्री नारायन ने रामनवमी और हनुमान जयंती की सभी सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए जिले की परंपरा के अनुरूप इस बार भी सौहार्द्र के माहौल में हर्षोल्लास के साथ सभी त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने चल समारोहों और रैलियों के दौरान लोहे के पाइप में झंडा न लगाने और डी.जे. वाहन के ऊपर किसी को भी चढ़ने न देने के संबंध में विशेष रूप से आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय ने आश्वत किया कि इस बार भी प्रशासन - पुलिस की सभी व्यवस्थाएं चाक - चौबंद रहेंगी। हर बार की तरह इस बार भी आपसी भाईचारे और समझदारी का परिचय देते हुए असामाजिक तत्वों की मंशा पूरी नहीं होने देना है। अधीक्षक श्री पांडेय ने बेहतर कानून व्यवस्था में पुलिस के सहयोग के लिए विभिन्न आयोजन समिति के सदस्यों से आग्रह किया। साथ ही आवश्यकता अनुरूप सभी आयोजन स्थलों पर आवश्यक पुलिस बल लगाने के लिए आश्वत किया।

# बड़ी माता मंदिर में मातारानी को संतरों से सजाया



**छिंदवाड़ा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री बड़ी माता मंदिर में पंचमी तिथि के विशेष दिन माँ भगवती का दिव्य एवं आकर्षक नारङ्गम (संतरा) श्रृंगार किया गया। मंदिर ट्रस्ट द्वारा समस्त भक्तों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना से सेवादारों ने स्वयंभू श्री बड़ी माता जी के गर्भगृह में संतरा, आभूषण एवं विशेष वस्त्रों से माँ का अलौकिक श्रृंगार किया। इस अद्भुत श्रृंगार ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर के नवरात्र पूजन मुख्य पुजारी श्री राजा तिवारी जी ने बताया कि नवरात्रि में नारंगी फल (नारङ्गम) अर्पित करने का विशेष महत्व है। इससे माँ भगवती प्रसन्न होकर अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती हैं प्रातःकाल से ही इस विशेष श्रृंगार के दर्शन हेतु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सायंकाल पंचमी विशेष भजन संध्या के साथ रात्रि 8 बजे महाआरती संपन्न हुई। आरती के पश्चात विशाल फरारी भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया गया। हमारे आगामी कार्यक्रमः 26 मार्च – अष्टमी हवन एवं पूजन (प्रातः 10 बजे) 27 मार्च – नवमी कन्या पूजन एवं हलवा-पूड़ी महाप्रसाद वितरण , नवमी तिथि – दोपहर 3 बजे कलश विसर्जन (छोटे तालाब में) मंदिर ट्रस्ट द्वारा समस्त श्रद्धालुओं को इन धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है।

# रामनवमीं की शाम 4 बजे निकली जाएगी शोभायात्रा

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिन्दवाड़ा द्वारा कई वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि रामनवमीं की तैयारियां के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी सनातन यात्रा चल रही थी जो निरंतर प्रत्येक दिन पहुँच रही थी । साथ ही सभी को रामनवमी में तीन दिवसीय आयोजन किया जाना है प्रभम दिवस 25 मार्च को सुबह 11 बजे पूजा अर्चना, शाम में 7 बजे महाआरती की जावेगी, 26 मार्च को सुबह 11 बजे से सुन्दरकाण्ड के महापाठ, शाम में 7 विशाल भजन संध्या जिसमे जस सम्राट रूद्रकांत ठाकुर जी अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे फिर 27 मार्च रामनवमीं की शाम 4 बजे विशाल शोभायात्रा निकली जाएगी जिसमें सभी शहर वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

## डंडे लेकर उतरीं सड़क पर, सौंसर में अवैध शराब पर बिक्री पर क्यों नहीं हो रही कार्यवाही

# प्रशासन अधिकारी मौन, शराब माफिया बेखौफ, महिलाओं ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में अवैध शराब की पैठ इस कदर बढ़ गई है कि अब आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। सौंसर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में 24 घंटे खुलेआम बिक रही अवैध शराब ने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया है। विडंबना यह है कि पुलिस और आबकारी विभाग को बार-बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद कार्रवाई 'शून्य' है,जिससे मजबूर होकर अब मातृशक्ति ने हाथों में डंडे उठा लिए हैं।



### आबकारी ओर प्रशासन पर उठते गंभीर सवाल?

क्या आबकारी और पुलिस विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं? महिलाओं का सड़कों पर उतरना प्रशासन की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। नगर की शांति भंग हो रही है और अवैध शराब के चलते अपराधों का ग्राफ बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इधर नगर वासियों के द्वारा शराब माफियाओं के साथ में विभाग की मिलीभगत होने का आरोप भी लगाया जा रहा है।

### अवैध शराब के लिए बोरगांव से लेकर मोहगांव तक आक्रोश

हाल ही में ग्राम पंचायत बोरगांव की महिलाओं के साथ बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन नतीजा सिफर रहा। यही हाल मोहगांव हवेली क्षेत्र के भुम्मा और नंदेवानी का है। यहाँ की महिलाएं पिछले एक साल से कलेक्टर, एसपी और स्थानीय प्रशासन के चक्कर काट रही हैं, पर प्रशासनिक कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर ग्राम भुम्मा, विस्थापन टोला,नंदेवानी की महिलाओं ने संयुक्त रूप से 'ग्रामीण महिला समिति' का गठन किया है। अब ये महिलाएं सुबह-शाम लाठियां लेकर गांव में पहरा दे रही हैं और अवैध शराब पकड़ रही हैं। मीना बाई अभियान सदस्य ने बताया कि"हमने अवैध शराब पकड़कर मोहगांव थाने में दी, शिकायतें कीं, पर पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। किसान नेता सुदामा मानमोड़े ने बताया कि"एक साल से गुहार लगा रहे हैं, जब अधिकारियों ने आंखें मूंद लीं, तो हमें खुद सड़कों पर उतरना पड़ा।

### सौंसर में चौक चौराहों, मंदिर के पास बिक रही अवैध शराब

एक ओर सौंसर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के वार्ड 1 से 9 तक के चौक-चौराहों, पान ठेलों और होटलों दुकानों घरों से बेखौफ शराब बेची जा रही है। नगर के श्री विट्ठल मंदिर के पास स्थित एक दुकान से दिन-रात हो रही अवैध शराब बिक्री ने बुद्धिजीवियों और श्रद्धालुओं में भारी रोष पैदा कर दिया है। नागरिकों का सवाल है कि आखिर आबकारी विभाग को यह 'खुला खेल' दिखाई क्यों नहीं दे रहा।

### देश-विदेश के विद्वानों की सहभागिता, पहले दिन विविध अकादमिक गतिविधियों का आयोजन

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से ही विकसित भारत का निर्माण संभवः पं. दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में "पर्यावरणीय परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन एवं सतत विकासः विकसित भारत 2047 की रूपरेखा" विषय पर द्वि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ आज भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चौरई विधानसभा क्षेत्र पं. रमेश दुबे रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हरिसिंग गौर विश्वविद्यालय सागर के पूर्व प्राध्यापक एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस. के. शर्मा ने की।




कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुआ। इसके पश्चात नवीन व्याख्यान कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना, पूजन एवं अतिथियों का स्वागत संपन्न हुआ। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ पी आर चंदेलकर, डॉ एलिना अलकिना रूस, प्रो व्ही सी वैद्य जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली ।डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से प्रो एस के शुक्ला, प्रो जे एल जैन, डॉ सुषमा शुक्ला एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय कोलकाता से प्रो एल एन सतपती, एरिक ऑस्ट्रिया एवं छिंदवाड़ा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में पर्यावरणीय संरक्षण, संसाधनों के समुचित उपयोग एवं सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्तव्य सत्र में डॉ. एस. के. शर्मा, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर ने पर्यावरण, जल संरक्षण तथा सम्मेलन के उद्देश्यों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित जनों को नई दिशा प्रदान की। प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. पी. मसिलामणि ने रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली विषय पर अपना व्याख्यान दिया, जिसे प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया। दूसरे वक्ता मिस डियोनेसिया, ग्रीस ने अपने उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में सहयोग और ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व पर विशेष बल दिया। द्वितीय तकनीकी सत्र में एलिना अलकिना रूस ने अपने वक्तव्य में कहा सहजयोग अपनाने से महिलाओं में आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन एवं जागरूकता का विकास होता है। इससे वे सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बनकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होती हैं।

प्रो व्ही सी वैद्य जेएनयू नई दिल्ली ने समग्र तकनीक सत्रों को समापन मुख्य बिंदुओं के सार प्रस्तुत करके किया। इसके पश्चात तृतीय तकनीकी सत्र में कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रो एल एन सतपती ने भारत के स्थानिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत का मानचित्रण पर अपने विचार व्यक्त किए । अंत में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जीवन में शुद्ध पर्यावरण ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है- डॉ. शर्मा

**बिछुआ** महाविद्यालय में शुरू हुआ दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनबिछुआ। शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में सोमवार से दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूवात हुई। महाविद्यालय परिसर में सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा का अनावरण किया गया। भूगोल विषय के द्वारा आयोजित पर्यावरणीय परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन तथा सतत विकास पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चन व राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् गायन के साथ हुआ तत्पश्चात विदेशों से शामिल विषय विशेषज्ञों के द्वारा मनमोहक गणेश वंदना की प्रस्तुति संस्कृत भाषा में देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। सम्मेलन में बतौर अतिथि के रूप में चौरई विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पं0 रमेश दुबे, उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. पी. आर. चंदेलकर, डॉ0 हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीकमल शर्मा, डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, डॉ. जे. एल. जैन, कलकत्ता विश्वविद्यालय के डॉ. एल. एन. सतपती, भारतीधासन विश्वविद्यालय तिरूचिरापल्ली के डॉ0 पी0 मासिलामानी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के डॉ. बी.सी. वैद्य, जिले के अग्रणी प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद के अलावा रूस से एलिन एल्किना, अफ्रिका के आनिन्दो बोस, ग्रीस से डायोनिष्पिा पेट्रीन्यू, आस्ट्रिया से एरिक वालेन्हॉफर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन के संयोजक व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव ने अपने स्वागतीय उद्बोधन में आयोजन को लेकर मध्यप्रदेश शासन की मंशा जाहिर करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा से अवगत कराया। साथ ही कहा कि यह सम्मेलन में विदेषों के साथ-साथ भारत के पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी, दक्षिणी एवं मध्य भारत के शिक्षाविदों का संगम स्थल बना है। अतिरिक्त संचालक डॉ. पी. आर. चंदेलकर ने कहा कि भूगोल विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से आदिवासी अंचल बिछुआ के विद्यार्थियों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से अवगत कराने में मील का पत्थर साबित होगा।

## चैत्र नवरात्र में मां की हो रही अराधना

**दमुआ-** सावंरिया गरबा महोत्सव समिति के द्वारा चैत्र नवरात्र इस नवरात्री पर गरबा, डांडिया का आयोजन तरूण मैरिज लान दमुआ में कराया जा रहा है गरबा जो कि मां की भक्ति की अराधना का उत्सव है जहां गरबा प्रांगण में सभी माताऐं, बहने , बच्चे, युवा , पुरूष आदि भक्तगण माता के दरबार में हाजरी लगा रहे है। उक्त तीन दिवसीय गरबा मोहत्सव कार्यक्रम में अंतिम दिवस 24 मार्च को समस्त भक्त श्रद्धालुओ से समिति ने आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या तरूण मैरिज लान दमुआ में पहुंचकर गरबा महोत्सव का हिस्सा बने।



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबा डांडिया महोत्सव में माता रानी का दरबार सजा है जहां भक्त श्रद्धालु जन गरबा महोत्सव कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी हाजरी लगाते हुए माता का आर्शिवाद प्राप्त कर रहे है।

## सांसद ने प्रदान की 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता



**परासिया** :- गत दिवस परासिया के वार्ड नं 2 निवासी संजय गुप्ता की कपड़े की दुकान में आग लग जाने से पूरी दुकान का सामान जलकर नष्ट हो गया था । जिसकी जानकारी लगने पर सांसद विवेक बंटी साहू ने व्यक्तिगत रूप से 50 हजार की आर्थिक सहायता संजय गुप्ता को प्रदान की । सोमवार को सासंद विवेक बंटी साहू की ओर से उक्त राशि संजय गुप्ता को मण्डल अध्यक्ष बल्लू नागी के द्वारा युवा नेता सिद्धार्थ मुखर्जी और अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में दी गई । इसके अलावा शासकीय मुआवजा दिलवाने हेतु भी सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया है । बता दें कि संजय गुप्ता दुकान में चिंगारी पड़ने से आग लग गई थी । जिसे बुझाने के दौरान दुकान का काफी माल जल गया था ।

## संकल्प से समाधान अभियान शिविर

**दमुआ।** नगर पालिका परिषद दमुआ के प्रांगण में आयोजित "संकल्प से समाधान" अभियान शिविर में शासकीय महाविद्यालय दमुआ की ओर से सक्रिय सहभागिता दर्ज की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी के निर्देशन में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ राजेश कुमार लोखंडे एवं डॉ पुष्पा मौर्य शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों को समझते हुए उपस्थित जनसमुदाय एवं विद्यार्थियों को समस्याओं के समाधान हेतु जागरूक किया तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। डॉ लोखंडे एवं डॉ मौर्य ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प और प्रयास के माध्यम से हर समस्या का समाधान संभव है तथा समाज के विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यह शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।




## अनियंत्रित कार ने सड़क पर मौजूद वाहनों को किया क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया महाराष्ट्र बैंक के सामने एक अनियंत्रित कार ने आसपास खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया । इस घटना में लोग बाल - बाल बचे । कार में करणी सेना लिखा होना बताया जा रहा है । कार महाराष्ट्र बैंक के पीछे से आ रही थी । चांदामेटा मुख्य मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर वेकोलि के एक वाहन से टकराई , उसके बाद एक मोबाइल शॉप के कर्मचारी के दुपहिया वाहन को भी क्षतिग्रस्त किया । इस दौरान मुख्य मार्ग पर जाम लग गया । सूचना पर पुलिस भी आई और जाम खुलवाया । कार चालक द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों की मरम्मत करा देने की बात कही गई है ।

## नप परिषद की बैठक संपन्न, विभिन्न प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

**जुन्नारदेव** : नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव की आयोजित बैठक में नगर हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एवं नगर हित में निर्णय लिए गए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष का बजट भी पेश किया गया। नगर पालिका में निम्न प्रस्ताव रखें गए। नगर की पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए मंधान डेम से पेयजल आपूर्ति हेतु पेयजल प्राप्त किये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय।वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अस्थाई दखल फीस वसूली, ठेके पर दिये जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय।वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति एवं अनुमोदन के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया। ज्ञात रहे कि वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी और वार्ड क्रमांक 08 के पार्षद प्रमोद बंदेवार द्वारा 09 मार्च 2026 को दिए गए आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए, वर्तमान भाजपानीत परिषद ने 'मंधान डैम' परियोजना के जनहित प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है।प्रस्ताव पारित होने के बाद पार्षद प्रमोद बंदेवार ने परिषद के अध्यक्ष, रमेश सालोडे, उपाध्यक्ष, सोनिया कुमरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे और समस्त सभापतियों स्वच्छता विभाग के सभापति अपील समिति सदस्य संजय जैन दीप्ति कांता साहू श्रीमती लता टांडेकर श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी अमित यादव नीता कुरोलिया व उर्मिला अमरवंशी प्रमिला पाल सहित सभी पार्षदों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



## 25 मार्च तक सभी कर जमा करने की अपील

**न्यूटन / परासिया** :- नगर पंचायत न्यूटन चिखली की नवागत सी एम ओ श्रद्धा मेरावी ने नगर के कर दाताओं से 25 मार्च तक अपने बकाया संपत्ति और जल कर जमा करने की अपील की है । उन्होंने कहा , कि नगर में जल प्रदाय , प्रकाश व्यवस्था , सफाई व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए बकाया करों का भुगतान किया जाना अत्यंत आवश्यक है । जिन कर दाताओं द्वारा 25 मार्च तक बकाया कर का भुगतान नहीं किया जाता है , तो उनके नल कनेक्शन काट दिए जाएंगे ।

### आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने विधायक पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल को सौपा ज्ञापन

# शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने के आदेश को रोका जाये

### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी सूचना के बाद आजाद अध्यापक शिक्षक संघ वारासिवनी ने विधायक विवेक विक्की पटेल एवं पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को एक ज्ञापन सौंप कर पात्रता परीक्षा को रुकवाने और मध्यप्रदेश शासन से पुनर्विचार याचिका दाखिल करवाने की मॉग की है। यही नहीं मॉग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के अध्यापकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 01 सितम्बर 2025 के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले अध्यापकों को आगामी दो वर्षों में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित अवधि में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते है एवं उनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक का समय शेष हो, तो ऐसे शिक्षकों को स्वयं सेवानिवृत्त होने अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान किये जाने संबंधी आदेश दिया गया है।

इसी विषय को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ वारासिवनी ने प्रांतीय महासचिव अरविंद पारधी के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष धन्नालाल बिसेन, सचिव कमलनाथ पाराशर, सचिव उत्तम मेश्राम, महिला वाहिनी अध्यक्ष शीला बोरकर के साथ ग्राम-ग्राम से आये ब्लॉक के लगभग 230 शिक्षकों के साथ विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौपा।

प्रांतीय महासचिव अरविंद पारधी के अनुसार उच्चतम न्यायालय द्वारा अन्य प्रदेश के अशासकीय याचिका में पारित निर्णय को लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी शिक्षकों पर भूतलक्षीय प्रभाव से लागू करते हुये शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू की गई है। भर्ती के समय लागू सेवा शर्तों के अधीन तत्समय के प्रावधान से नियुक्त किये गये शिक्षको को 25-30 वर्ष की सेवा उपरांत आज सेवा में बने रहने हेतु उन पर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का बंधन लागू करना सेवा शर्तों का उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र को निरस्त करते हुये उच्चतम न्यायालय के पारित निर्णय के विरुद्ध उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रदेश शासन द्वारा दाखिल रिव्यू पिटीशन की भाँति मध्यप्रदेश शासन की ओर से भी रिव्यू पिटीशन दाखिल की जाये और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी पत्र को तब तक स्थगित किया जाये, जब तक उच्चतम न्यायालय की सिविल अपील में पारित निर्णय के विरुद्ध उत्तरप्रदेश सहित अन्य प्रदेश शासन द्वारा दाखिल रिव्यू पिटीशन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णय पारित नहीं किया जाये। उन्होंने मांगो के पूर्ण नही होने की दशा में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

शिक्षकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर विधायक विवेक विक्की पटेल और पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने सहमति जताते हुए प्रदेश शासन को पत्र लिखने और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से शिक्षकों की मॉग को पूरा करने का अनुरोध करने की बात कही है।

## हाई स्कूल के सामने हुआ सड़क हादसा भाई-बहन घायल



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

क्षेत्र की मॉयल नगरी तिरोड़ी में हाई स्कूल के सामने एक बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर सीसी सड़क में फिसल गई। जिससे बुलेट में सवार बिरसोला निवासी भाई-बहन घायल हुए हैं। जिन्हें नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार देने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी रेफर किया गया। यहां पर डॉ विनोद भलावी ने घायल युवती की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया है। परिजन युवती को बेहतर उपचार के लिए शाम साढ़े 06 बजे नागपुर लेकर गए। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बिरसोला निवासी आयुष पिता अनिल रामटेके अपनी बहन काजल रामटेके को रेलवे स्टेशन तिरोड़ी छोड़ने के लिए जा रहा था। 22 वर्षीय काजल भोपाल किसी परीक्षा के सिलसिले में जा रही थी। इस दौरान तिरोड़ी में हाई स्कूल के सामने उनकी बा इ क अनियंत्रित हो गई। जिससे दोनों ही बहन भाई सड़क पर गिर पड़े। काजल के सिर पर गहरी चोट और बाया हाथ फैक्चर हुआ है। जबकि आयुष को मामूली चोट आई है। हादसा सोमवार की शाम करीब 5 के आसपास हुआ। सड़क हादसे के बाद समाजसेवी नम्रता उपाध्याय के द्वारा तत्काल अपना निजी एंबुलेंस वाहन घटनास्थल पर भेजा गया। चालक नितेश गुप्ता ने घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया था। सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन और युवती को सामान पुलिस अभिरक्षा में तिरोड़ी थाने में रखा गया है।

## लांजी-किरनापुर क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्रवाईः रेत भरते 3 ट्रैक्टर पकड़े, पुलिस अभिरक्षा में सौंपे

### एनजीटी की रोक के बावजूद पौनी-सोननदी घाट से अवैध परिवहन, कलेक्टर को भेजा जाएगा प्रकरण



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** रेत खनन को लेकर एनजीटी की रोक के बाद भी लांजी व किरनापुर के आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से रेत निकाली जा रही है। सोमवार को सुबह लगभग 7 बजे किरनापुर राजस्व विभाग के दल ने पौनी सोननदी से रेत का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की। तीनों ट्रैक्टरों को पुलिस की अभिरक्षा में सौंपा।

किरनापुर नायब तहसीलदार सुश्री बबीता सूर्या ने बताया विभाग को जानकारी मिली थी कि अवैध रूप से किरनापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पौनी सोन नदी घाट से रेत निकालकर उसका परिवहन किया जा रहा है। इस जानकारी के अनुसार सुबह विभागीय दल पौनी घाट पहुंचा। जहां पहुंच कर देखा गया तो सोन नदी से ट्रैक्टरों में रेत भरा जा रहा था। उस ट्रैक्टर को जब्त किया। इसके बाद अवैध रेट परिवहन कर रहे 3 ट्रैक्टरों को पकड़ कर लांजी थाने पहुंचाया। उन्होंने बताया तीनो ट्रैक्टरों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कलेक्टर के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा। एनजीटी के आदेश पर आगामी आदेश तक रेत खनन पर रोक है। किरणापुर के आसपास से लगे नदी घाटों से क्षेत्रों में चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई जारी रहेगी। रेट अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विभाग को ठोस कदम उठाना अनिवार्य है। कार्यवाही में किरनापुर राजस्व विभाग का हमला एवं किरनापुर पुलिस बल मौजूद रहा।

### इनका कहना है

निरंतर रेत के अवैध उत्खन्न एवं परिवहन को लेकर लगातार शिकायते आ रही है जिसकों लेकर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग कि संयुक्त टीम ने पौनी नदी पहूंचकर कार्यवाही कि गई जिसमे रेत से भरे 3 ट्रेक्टर बरामद किये गए। जिसपर उत्खन्न कि कार्यवाही कि जावेंगी।

**आकाश अग्रवाल,**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, किरनापुर**

## अमेडा में जल गंगा अभियान के तहत वृक्ष पूजन-पर्यावरण जागरूकता, बच्चों ने की पूजा-अर्चना

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का आयोजन, जल-स्रोत-वृक्ष संरक्षण का संदेश; ग्रामीणों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी विकासखंड के अंतिम सीमावर्ती ग्राम अमेडा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा वृक्ष पूजन एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों एवं बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वृक्षों की पूजा-अर्चना की। इस पहल के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संस्कार विकसित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर गणेश लिल्हारे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जल के महत्व एवं वृक्षों की पर्यावरण में भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल स्रोतों एवं वृक्षों के संरक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष बसेना, ललित मस्करे, श्रीमती सुषमा लिल्हारे, श्रीमती कलाबाई नगपुरे, नागदेव कोरे, राजकुमार मस्करे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया।



## युवा सहभागिता कार्यशालाः किरनापुर में युवाओं को किया गया टीकाकरण पर जागरूक



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** स्वर्गीय दिलीप भटेरे कला एवं विज्ञान महाविद्यालय किरनापुर में 23 मार्च 2026 विकासखंड किरनापुर में युवाओं के बीच टीकाकरण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रभावी युवा सहभागिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस बच्चों के टीकाकरण एवं उसके महत्व पर केंद्रित रहा।कार्यशाला के दौरान गावी यूनिसेफ की सहयोगी संस्था लॉर्ड एजुकेशन एवम हेल्थ सोसायटी के ब्लॉक समन्वयक श्री अनिल बोपचे द्वारा प्रतिभागि युवाओं को बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं उसकी निर्धारित समय-सारणी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमे 5 साल 7 बार छूटे 1 भी बार के संदर्भ में प्रस्तुतिकरण किया गया ,साथ ही यह भी बताया गया कि समय पर टीकाकरण से बच्चों में कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। कार्यक्रम में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली एक इंटरैक्टिव समूह चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने विचार, अनुभव एवं टीकाकरण से जुड़ी शंकाओं को खुलकर साझा किया, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। स्वास्थ्य विषयों के साथ-साथ जीवन कौशल जैसे निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं तनाव प्रबंधन पर भी चर्चा की गई, जिससे युवाओं के समग्र विकास को बढ़ावा मिला। कार्यशाला में एन. सी. सी , आर के एस के एवम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़े युवा उपस्थित रहे । जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जिले में रसोई गैस की भारी किल्लत, गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

**जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों रसोई गैस (LPG) की भारी किल्लत देखी जा रही है। उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, लेकिन एजेंसियों से उन्हें सिर्फ 'स्टॉक खत्म' होने का आश्वासन मिल रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर की प्रमुख गैस एजेंसियों के बाहर सुबह 8 बजे से ही लोग खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग रहे हैं।

बुकिंग का इंतज़ारः कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने 15 से 20 दिन पहले सिलेंडर बुक किया था, लेकिन अभी तक होम डिलीवरी तो दूर, गोदाम से भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है।



## महिलाओं का आक्रोश

रसोई का बजट बिगड़ने और समय पर गैस न मिलने से गृहिणियों में भारी गुस्सा है। लोगों का आरोप है कि उन्हें मजबूरी में लकड़ी के चूल्हों या महंगे इंडक्शन का सहारा लेना पड़ रहा है।

## कालाबाजारी की आशंका

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि घरेलू गैस की किल्लत के बीच कमर्शियल उपयोग के लिए सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। होटलों और ढाबों पर धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग देखा जा सकता है, जबकि आम आदमी एक अदद सिलेंडर के लिए घंटों लाइन में खड़ा है।

हैरानी की बात यह है कि जिले में हफ्तों से जारी इस अव्यवस्था पर खाद्य विभाग या जिला प्रशासन ने अब तक कोई सख्त रुख नहीं अपनाया है। न तो सप्लाई चेन को दुरुस्त करने की कोशिश दिख रही है और न ही कालाबाजारी करने वालों पर कोई कार्रवाई हुई है। हम सुबह से काम-धंधा छोड़कर लाइन में लगते हैं, दोपहर को बोला जाता है कि गाड़ी नहीं आई। हमारी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है।

सिवनी की जनता अब उग्र आंदोलन की राह पर है। यदि जल्द ही गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया, तो कलेक्ट्रेट घेराव जैसी स्थिति बन सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन कुंभकर्णी नींद से कब जागता है।

# एक अप्रैल से टोल प्लाजा होंगे पूरी तरह कैशलेस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक अप्रैल 2026 से भारत में सभी टोल प्लाजा कैशलेस होंगे। नकद भुगतान की सुविधा समाप्त हो जाएगी और वाहन चालकों को केवल फास्टैग या यूपीआई के माध्यम से टोल शुल्क का भुगतान करना होगा।

एनएचएआई ने इस संबंध में सभी टोल प्लाजा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है।नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों के लिए एक अप्रैल से बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 से देशभर के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह कैशलेस कर दिए जाएंगे। इसके बाद टोल पर नकद भुगतान की सुविधा समाप्त हो जाएगी और वाहन चालकों को केवल फास्टैग या यूपीआई के माध्यम से ही टोल शुल्क का भुगतान करना होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे पर स्थित सभी टोल प्लाजा को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देशों के अनुसार 01 अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि से यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। नई व्यवस्था के अनुसार टोल प्लाजा पर नकद लेन-देन पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा, जिससे टोल पर लगने वाली लंबी कतारों और समय की बर्बादी को कम किया जा सके।

एनएचएआई के अनुसार अब वाहन स्वामियों को अपने वाहनों पर फास्टैग अनिवार्य रूप से सक्रिय रखना होगा। यदि किसी वाहन का फास्टैग निष्क्रिय होता है या उसमें पर्याप्त बैलेंस नहीं होता, तो चालक को टोल बूथ पर उपलब्ध बारकोड को स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से भुगतान करना होगा।

## खबर संक्षेप

### संगठन ने सिवनी को दी बड़ी जिम्मेदारी, ज्योति नरेश सिंह राजपूत बनीं महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश द्वारा सिवनी जिले की बरघाट निवासी श्रीमती ज्योति नरेश सिंह राजपूत को महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अन्य वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एड. श्रीमती अश्विनी परांजपे राजवाड़े द्वारा की गई। श्रीमती राजपूत लंबे समय से संगठन एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन से लेकर अब तक 25 वर्षों से अधिक समय तक संगठनात्मक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर महिला मोर्चा को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगी।

### चारा भूसा निर्यात पर प्रतिबंध की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिगम्बर जैन पंचायत कमेंटी सिवनी के अध्यक्ष पवन दिवाकर एवं दयोदय जीव रक्षा संस्था न के सचिव नीरज जैन ने संचालित गौशालाओं में पशुधन की अधिकता को देखते हुए चारा भूसा की समस्या की सम्भावना लग रही है अतः जिले मे चाराभूसा के परिवाहन के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग जिला कलेक्टर से की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि निर्माण नियंत्रण अधिनियम के आदेश में कहा गया है कि 31 जुलाई तक प्रतिबंध लगाया जाये।

### आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं की दी जाएगी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो (पीआईबी) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल द्वारा VB-G-RAMG, आयुष्मान भारत, जनजाति कल्याण, मुद्रा योजना, किसान सम्मान निधि, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड (Soil Health Card) पर केन्द्रित वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे से होटल रजवाडा, जबलपुर रोड, सिवनी में किया जा रहा है।उक्त कार्यक्रम में जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# माता दंतेश्वरी कुल देवी हल्बा-हल्बी समाज के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**सोनखार । प्रदीप तिवारी।** गत दिवस चैत्र प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा विक्रम संवत 2083 चैत्र नवरात्रि की आरंभ अवसर पर नवरात्र के प्रथम दिन आदिशक्ति मां भवानी शैलपुत्री का आह्वान करते हुए, ग्राम उगली मोहबर्रा, झित्तर्रा के आदिवासी हल्बा- हल्बी समाज स्वजातीय बंधुओं के द्वारा नगर के ठाकुरबर्रा खेल मैदान उप तहसील परिसर के सामने नवनिर्मित मंदिर भवन का निर्माण किया गया,जिसमें सभी स्वाजातिय सगा समाज की कुलदेवी माता दंतेश्वरी की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ उक्त कार्यक्रम 19 मार्च दिन गुरुवार को भव्य शोभा कलश यात्रा बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ आकर्षक झांकियों की



उपस्थिति में सभी स्वजातीय समाज की माताएं बहनें, बुजुर्ग,युवा सभी ने भगवा वस्त्र धारण कर अपने समाज के उत्थान के लिए कार्यक्रम में उपस्थित हुए,प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उगली के अंतर्गत पूरे गांव में नगर भ्रमण किया गया इस कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पलता इंद्रराज पोचाटे,कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रवक्ता नरेश कवास,शिक्षक ज्ञानी राम भोयर प्रांतीय अध्यक्ष हल्बा हल्बी समाज महेंद्र काटेवर,रिटायर्ड शिक्षक मनोहर चौधरी शिक्षक महेश भोयर, ठेकेदार किशोर घाषले,खेमेन्द्र घासले आदिवासी हल्बा -हल्बी समाज के उगली सर्किल अध्यक्ष धनीराम भंडारी,अमर सिंह भंडारी उगली क्षेत्र के जनपद सदस्य आनंद भगत पत्रकार राजदीप राहंगडाले,उगली पुलिस प्रशासन एवं अन्य क्षेत्रीय गणमाय नागरिकों की उपस्थिति रही.भव्य कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर में उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओ ने प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चन करते हुए नव दिन नवरात्र के लिए जवारें आदि स्थापित किए एवं भव्य भंडारे के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ.

### सिवनी पहुँचे संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य का भव्य स्वागत

# कर्मचारियों ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त (जॉइंट कमिश्नर) अम्बरीश वैद्य के सिवनी आगमन पर म.प्र. सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा सर्किट हाउस में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा।

## कर्मचारियों ने रखीं अपनी प्रमुख मांगें

महासंघ के मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्किट हाउस में आयोजित इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कर्मचारियों ने विभाग में व्याप्त विभिन्न विसंगतियों, लंबित मांगों एवं समस्याओं से संयुक्त आयुक्त को अवगत कराया। कर्मचारियों ने



उम्मीद जताई कि उच्च स्तर पर मामला पहुंचने के बाद उनकी समस्याओं का शीघ्र और सकारात्मक समाधान होगा।

## पदाधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम के दौरान संगठन की एकजुटता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर, संतकुमार राजपूत, गणेश सिंगौर, प्रदीप कुमार शर्मा, सुदामा भारद्वाज, शब्बू अंसारी, गिरधारी मोरे एवं बी.एल. पंचवाहे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संयुक्त आयुक्त अम्बरीश वैद्य ने सभी कर्मचारियों की बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# सिवनी में ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण के माध्यम से ठेकेदारों के कौशल उन्नयन को बढ़ावा दे रहा एसीसी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**सिवनीः विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और तेजी से बढ़ती बिल्डिंग मटेरियल्स एवं सॉल्यूशंस कंपनी एसीसी, हैंड्स-ऑन तकनीकी प्रशिक्षण और संरचित जुड़ाव के माध्यम से मध्य प्रदेश में ठेकेदारों के विकास को गति दे रही है। सिवनी जिले में ठेकेदार संतोष उक्के की यात्रा यह दर्शाती है कि ज्ञान साझा करने और जमीनी स्तर के हस्तक्षेपों से वास्तविक व्यावसायिक परिवर्तन संभव है।**

संतोष उक्के ने 16 वर्ष की उम्र में दैनिक मजदूर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने चार वर्षों तक राजमिस्त्री का कार्य सीखा और फिर स्वतंत्र ठेकेदारी शुरू की। लंबे समय तक वे पारंपरिक तरीकों और सीमित जानकारी के साथ काम करते रहे, जब तक कि उनका संपर्क एसीसी के तकनीकी अधिकारी से नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें एसीसी की एक कार्यशाला में आमंत्रित किया गया, जहां उन्होंने अपने कार्य निष्पादन की गुणवत्ता सुधारने, सही प्रोजेक्ट रेफरेंस तैयार करने और कंपनी की तकनीकी सेवाओं का बेहतर उपयोग करने के तरीके सीखे। एसीसी के सहयोग से संतोष ने बेहतर निर्माण प्रथाओं को अपनाना शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अधिक प्रोजेक्ट मिलने लगे, कार्य गुणवत्ता में सुधार हुआ और प्रति वर्ग फुट दर में वृद्धि हुई, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। वे एसीसी की विभिन्न पहलों से लगातार लाभान्वित हो रहे हैं, विशेष रूप से कॉन्ट्रैक्टर पासपोर्ट कार्यक्रम से, जिसने उन्हें तकनीकी पहचान और सामुदायिक विश्वसनीयता दोनों बनाने में मदद की है। संतोष उक्के की कहानी एसीसी की जमीनी स्तर पर परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कौशल विकास को सक्षम बनाकर, निर्माण संबंधी ज्ञान को मजबूत कर और दीर्घकालिक संबंध स्थापित कर, एसीसी सिवनी जैसे जिलों में ठेकेदार पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर सशक्त बना रहा है।

# बरघाट में रेत उत्खनन करने मना किया तो आरोपितों ने युवक पर चाकू से किया हमला तीन आरोपित गए जेल, रेत माफियाओं का गुंडाराज

**बरघाट में रेत माफियाओं ने सारी हदें पार कर दी है, मनमानी अवैध तरीके से रेत उत्खनन रोकने पर सामाजिक लोगो से मारपीट पर माफिया उतारू हो रहे है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के बरघाट थाना अंतर्गत जेवनारा निवासी बलराम नागौत्रा के साथ रेत माफियाओं के द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। रेत माफियाओं ने चाकू से हमला कर युवक बलराम को लहूलुहान कर, घायल कर दिया गया है मामले की शिकायत बरघाट थाना में की गई है।



पुलिस ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कर आरोपितों के विरुद्ध मामला कायम कर लिया है। जेवनारा गांव में हीरी नदी किनारे शनि मंदिर पीछे से रेत निकालने से मना करने पर जेवनारा निवासी बलराम नागौत्रा के साथ मारपीट के मामले में बरघाट पुलिस ने जेवनारा निवासी अक्षय पटले, मनोज ठाकुर, चित्रांश ठाकुर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों का पैदल मार्च निकाला, शुक्रवार को आरोपितों का मेडिकल जांच कराने के लिए थाना से पैदल सिविल अस्पताल बरघाट ले जाया गया।

## गहरा गड्ढा होने को लेकर मना किया तो, चाकू से हुआ हमला

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बरघाट अंतर्गत जेवनारा गांव में नदी किनारे से रेत निकालने को लेकर चाकूबाजी का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत बरघाट थाना में गई है जेवनारा गांव निवासी बलराम नागौत्रा ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना की तरह 15 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे जेवनारा मंदिर गया हुआ था। वहां जेवनारा गांव महादेव टोला में शनि मंदिर पीछे हिरी नदी किनारे से रेत निकाला जा रहा था। तभी बलराम ने जेवनारा निवासी अक्षय पिता रामदयाल पटले, मनोज पिता चुड़ामन ठाकुर, चित्रांश पिता संतोष ठाकुर को कहा कि यहां से रेत मत निकालो मंदिर के किनारे गहरा गड्ढा होने से मंदिर को क्षति होने की बात कही तो

जेवनारा निवासी अक्षय पटले, मनोज ठाकुर, चित्रांश ठाकुर ने गन्दी गन्दी गाली देकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर तू नीच जाति का है कहते हुए चाकू और लठ से बलराम नागौत्रा पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया गया हमले में सिर पर गंभीर चोटें आई है। रेत के काम में अड़ंगा डालने की बात कहते हुए आरोपितों ने नुकसान की भरपाई करने 2000 रुपए की मांग की गई है। पुलिस ने हमले में घायल मरीज का सरकारी अस्पताल इलाज कराया है और तीनों आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के अपराध पंजीबद्ध कर जेवनारा निवासी अक्षय पिता रामदयाल पटले, मनोज पिता चुड़ामन ठाकुर, चित्रांश पिता संतोष ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भगवान निषादराज जन्मोत्सव समारोह में किया सहभागिता, सरदार पटेल एकता यात्रा का किया स्वागत

**सिवनी-** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुनजी ने भगवान निषादराज जन्मोत्सव समारोह मे सहभागिता कर सभी को शुभकामनाएं दिया।

आज भगवान श्रीराम के प्रिय सखा गुहराज निषादराज जन्मोत्सव के अवसर पर मठ तालाब के सामने स्थित निषादराज चौक पर जिला माझी समाज द्वारा आयोजित समारोह एवं भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुनजी ने अतिथि के रूप मे सहभागिता कर भगवान निषादराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन किया। तदोपरांत समाज के पदाधिकारियों द्वारा आपश्री का शाल श्रीफल भेंटकर फूलमालाओं आत्मीय स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भगवान निषादराज के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया और समाज के सभी बंधुओं को जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुनजी ने नगर आगमन पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एकता यात्रा का भाजपा पदाधिकारियों एवं देवतुल्य ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं गणों के साथ स्वागत किया।

# नियमित शाखा से अनुशासन, साहस और संगठन शक्ति का विकास-श्रीरंग देवरस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गोपालगंज खंड में शाखा संगम एवं शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड की 25 शाखाओं से लगभग 250 स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मंच पर खंड गोपालगंज के खंड संघ चालक नंदकिशोर वर्मा की उपस्थिति रही, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में सिवनी विभाग के विभाग संघचालक श्रीरंग देवरस ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। अपने बौद्धिक उद्बोधन में श्री देवरस ने कहा कि नियमित शाखा से व्यक्ति में अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से शाखा में उपस्थित रहने का आग्रह करते हुए कहा कि स्वयंसेवक निडर होकर राष्ट्रहित और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में संगठन की शक्ति अत्यंत महत्वपूर्ण है और कलयुग में संगठित समाज ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है। शाखा के माध्यम से व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न शारीरिक गतिविधियों, व्यायाम और समवेत अभ्यासों का भी आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में उत्साह और एकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ आयोजन का समापन किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पिंडराबोडी में स्थानीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ठाकुर जी के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का भूमि पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

धनौरा स्वतंत्रमत - मध्य प्रदेश के यशस्ववी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 19 मार्च 2026 से हुई है जो की जून तक प्रभावशील है इस कड़ी में जिला सिवनी के विकासखंड धनौरा में जनपद पंचायत धनोरा ,जनप्रतिनिधि एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा जन भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई सर्वप्रथम स्थानीय मंदिर ग्राम सलेमा में कलश यात्रा निकाली ।

# जानलेवा हाईवे सिवनी बालाघाट की दुर्दशा पर आंदोलित हुए आमजन

**युवा विचार मंच बरघाट के बैनर तले आंदोलन में जुटे सैकड़ों लोग धारना कलां,बरघाट सहित समूचे ब्लाक बरघाट का चप्पा चप्पा रहा बंद सभी ने किया बंद का समर्थन सुबह से ही अपने अपने प्रतिष्ठान रखे गए बंद लगाए गए सत्ताधारियों के प्रति भड़का जनआक्रोश**

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन आंदोलन का ज्वालामुखी बना बरघाट





**राकेश अगरवार बरघाट।** देर हुई बड़ी देर हुई लंबे अरसे से बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील मार्ग सिवनी–बालाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग की खस्ताहाल स्थिति अब सिर्फ एक सड़क की समस्या नहीं रही, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लोगों के जीवन-मरण का सवाल बन चुकी है, सोमवार को बरघाट में जो नज़ारा देखने को मिला, उसने प्रशासन की नींद उड़ा दी "युवा विचार मंच" के बैनर तले हजारों लोगों का सैलाब उमड़ा, बाजार बंद रहे, सड़कें जाम रहीं और हर ओर एक ही आवाज गूंजती रही— "अब और नहीं मौत का सफर बंद करो!"

सड़क नहीं, मौत का जालः हर सफर बन रहा आखिरी

वर्षों से उपेक्षा का शिकार यह मार्ग आज पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है,सड़क इतनी खराब कि वाहन चलाना जान जोखिम में डालना बन गया हर दिन हो रहे हादसे, कई परिवार उजड़ चुके एम्बुलेंस तक फंस रही, मरीज रास्ते में दम तोड़ने को मजबूर स्थानीय लोगों का कहना है,"यह सड़क नहीं, सीधा मौत का रास्ता है जो निकला, वो सुरक्षित लौटेगा इसकी गारंटी नहीं!"

ऐतिहासिक जनसैलाब! 1000+ लोग, पूरा बरघाट बंद

सुबह से ही बरघाट में माहौल उग्र हो गया, लगभग 1000 से अधिक लोग आंदोलन में शामिल नगर परिषद में विशाल सभा इसके बाद तहसील कार्यालय तक गर्जन करती रैली,तहसीलदार अमृत लाल धुर्वे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 9 बिंदुओं में जनता का आक्रोश साफ झलकता है।

ज्ञापन में रखी गई मांगें सीधे सिस्टम को चुनौती देती नजर आईं, सबसे बड़ी मांगःसिवनी–बालाघाट मार्ग को तुरंत फोरलेन बनाओ अन्य विस्फोटक मांगेंः जब तक सड़क नहीं सुधरे, टोल टैक्स बंद करो हादसे में मौत पर 25 लाख + सरकारी नौकरी निर्माण की समयसीमा सार्वजनिक करो

अस्पतालों में **ICU** और इमरजेंसी सिस्टम अनिवार्य गांवों में स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक कंट्रोल टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस और क्रेन व्यवस्था साफ शब्दों में कहा गया "या तो सड़क सुधारो, या जवाब देने को तैयार रहो!

मंच से गरजे युवाः "हाईकोर्ट जाएंगे, उग्र आंदोलन होगा

सभा में युवा विचार मंच के नेताओं ने खुला ऐलान किया,अब हस्ताक्षर अभियान शुरू होगा सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी जरूरत पड़ी तो प्रदेश स्तर का बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा, मंच से चेतावनीः"अगर अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो सड़कों से लेकर अदालत तक लड़ाई होगी!

## चंदन नदी से रेत का अवैध उत्खनन के बाद हो रहा था परिवहन
# अवैध रेत परिवहन करते 4 ट्रेक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली चंदन नदी से लगातार रेत का अवैध दोहन और परिवहन हो रहा है। रेतघाट की नीलामी के बाद जहां ठेकेदार अनाप-शनाप तरीके से रेत का अवैध दोहन करते है तो वहीं अब जब ठेके की समयावधि समाप्त हो चुकी है तो रेत का अवैध व्यवसाय करने वाले भी नदी को छलनी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इस बीच पुलिस की टीम ने औचक धरपकड़ कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले चार ट्रेक्टरों को पकड़ा है। सोमवार की सुबह करीब 09 बजे पुलिस ने कलगांव से अर्जुनी के बीच रास्ते में ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई करते हुए ट्रेक्टरों को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा है। इन ट्रेक्टरों में चंदन नदी से रेत का अवैध दोहन कर परिवहन किया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचना दी गई है। दोपहर में खनिज निरीक्षक ने थाना पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई कर अवैध खनन और परिवहन की कार्रवाई की है।



### पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

प्राप्त जानकारी अनुसार जब्त ट्रेक्टर झुम्मर सिंह बिसेन, युवराज जगने, मोहित पटले, और पवन खरे के है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाहकल से अजुनी के बीच रास्ते में कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से रेत का अवैध तरीके से कामकाज करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया हैं और उन्होंने इस काम में लगे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवा दिया है। इधर, पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित थाने लाकर खड़ा करवा दिया है। चंदन नदी से अवैध रेत उत्खनन काफी लंबे समय चला आ रहा है कुछ जागरूक जन इस अवैध रेत खनन पर रोक लगाने की मांग कर रहे है किंतु सत्ता के अप्रत्यक्ष संरक्षण में होने वाले यह अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है जिससे चंदन नहीं और सहायक नालों को अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर आकर खड़ा हो गया है।

### सत्ता सुख में नदी संरक्षण भूले विधायक

विधायक बनने से पहले विधायक गौरव सिंह पारधी चंदन नदी में होने वाले अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर खूब ढीगें हांकते थे। विधायक बनने के एक बरस बाद तक तो वह नदी में उतरकर रेत का अवैध दोहन और परिवहन करने वाले वाहनों को पुलिस और खनिज विभाग के अधिकारियों से पकड़वाते थे। वह कहते थे नदी को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नदी हमारी मां है लेकिन जैसे ही सत्ता में एक बरस बीता और सत्ता सुख मिला उनके सिर से नदी संरक्षण का भूत ही उतर गया। वह अब नदी में होने वाले रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने आज तक कभी भी सदन के भीतर चंदन नदी के संरक्षण की बात नहीं उठाई और ना ही अवैध रेत उत्खनन पर कुछ बोला। वह तो केवल जनता के बीच भाषणबाजी करते हुए नदी बचाना हम सबका काम है और गांव से बहने वाली नदी की रेत पर पहला अधिकार गांव के लोगों का है यह कहते हुए स्वयं को पर्यावरण प्रेमी बताने में जुटे रहे। अब उनके भाषणों से भी नदी संरक्षण का विषय गायब हो चुका है। सत्ता सुख में मदमस्त विधायक मकर संक्रांति में नदी में उतरकर सूर्य की उपासना करते हुए शायद आज यह भूल चुके है कि वह कभी नदी का संरक्षण करने का दावा करते थे जबकि उनके विधायक बनने के बाद भी नदी का दोहन हो रहा है। केंद्र से लेकर राज्य में उनकी ही पार्टी की सरकार है वह चाहते तो शायद चंदन नदी का संरक्षण हो सकता था लेकिन कथनी और करनी में अंतर होता है यह विधायक बनने के बाद विधायक गौरव सिंह पारधी ने साबित कर दिया। विधायक के प्रेरणास्त्रोत मध्य प्रदेश में मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल द्वारा 'उद्गम मानस यात्रा' शुरू कर नदियों को नाला बनने से रोकने और उन्हें बचाने की पहल की गई थी। सरकार भी जल गंगा अभियान, नमामि गंगे और अन्य नदी पुनर्जीवन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों की सफाई और संरक्षण के प्रयास कर रही है विधायक चाहे तो वह अपने प्रेरणास्त्रोत से ही प्रेरणा लेकर चंदन नदी के अस्तित्व पर चिंता जाहिर कर सकते है।

# भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अंबेडकर चौक गार्डन से शुरू हुई यह रैली कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां संगठनों ने राष्ट्रपति और केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन दिया। यह प्रदर्शन मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तीसरे चरण का हिस्सा था।

मोर्चा के प्रदेश महासचिव रामदास ठवकर ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर ओबीसी वर्ग के साथ 'धोखा' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनगणना के कॉलम में ओबीसी की जाति आधारित गणना का विकल्प न होना इस वर्ग की वास्तविक संख्या और स्थिति को छुपाने की साजिश है।

संगठन की प्रमुख मांग है कि आगामी जनगणना में जाति आधारित आंकड़ों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराने और ईवीएम (EVM) को पूरी तरह प्रतिबंधित करने की मांग दोहराई। इसके अलावा, संगठनों ने एससी, एसटी और ओबीसी के हितों के संरक्षण के लिए सख्त यूजीसी कानून लागू करने और 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की बाध्यता से मुक्त करने की पुरजोर वकालत की।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि यदि उनकी संवैधानिक मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन के चौथे चरण में 23 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी 'भारत बंद' का आयोजन किया जाएगा।

# सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड में NEET, JEE व CUET की नि:शुल्क कोचिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में सांदीपनि विद्यालय मलाजखंड द्वारा NEET, JEE और CUET परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग का संचालन प्रारंभ किया गया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों की कमी और महंगी कोचिंग फीस के कारण अपने लक्ष्य से पीछे रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जनजातीय कार्य विभाग के मार्गदर्शन में विद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर यह पहल शुरू की गई है।

**कोचिंग की प्रमुख विशेषताएँ:** सींदीपनि विद्यालय की इस कोचिंग में अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन शिक्षण, साप्ताहिक मॉक टेस्ट व नियमित अभ्यास , नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित अध्ययन सामग्री, ई-लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय की सुविधा तथा करियर काउंसलिंग व तनाव प्रबंधन सत्र की व्ययवस्था् की गई है। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष करियर काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व और तैयारी की रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

**विद्यार्थियों की भागीदारी:** इस कोचिंग के लिए NEET में 20, JEE में 8 और CUET में 18 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जो नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होकर अध्ययन कर रहे हैं। इस पहल के सफल संचालन में संस्था के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वहीं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में श्री योगेश वराडे, श्री नरेंद्र राहंगडाले, श्री गजेंद्र राहंगडाले, श्री कामेश्वर प्रसाद गोकुलपूरे, श्री टेकलाल बघेल एवं परामर्शदाता श्री सुजय पटवारी का विशेष योगदान रहा है। यह पहल जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभर रही है, जिससे वे बिना आर्थिक बोझ के देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने का सपना साकार कर सकेंगे।

## बाईक सवार घायल, उपचार के लिए भेजा गया बालाघाट
# प्लांट के सामने खड़े हुए ट्रक के नीचे बाईक घुसी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम बासी में बने एथेनॉल प्लांट के पास बेतरतीब तरीके से खड़े रहने वाले ट्रकों के कारण एक बाइक सवार बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट भेजा गया है।



जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत अंसेरा निवासी 55 वर्षीय बस्तीराम उइके 21 मार्च की रात्रि लगभग साढ़े 7 बजे अपने दो पहिया वाहन से निजी कार्य से ग्राम बोदलकसा जा रहे थे। उसी दौरान ग्राम झालीवाड़ा की ओर से आ रहे चार पहिया वाहन की हेडलाईट से अचानक उसकी ऑखे चौधियॉ गई और उसका नियंत्रण बाईक पर से हट गया और वह बाइक सहित सडक़ किनारे खड़े हुए ट्रक के नीचे के हिस्से में घुस गया।

इस घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस 108 से तत्काल वारासिवनी चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा घायल बस्तीराम उइके के सिर व कान में लगी हुई चोट का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट उचित उपचार के लिए भेज दिया गया। दुर्घटना के दौरान घायल के साथ एक 9 वर्षीय बालक भी बाइक में सवार था। जिसे अधिक चोटें नहीं आई है।

# टीवी देख रहे चाचा को गले पर कुल्हाड़ी मारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के चिचोली में रविवार देर रात एक भतीजे ने अपने सगे चाचा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में 66 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित टेकचंद झोड़े ने बताया कि 22 मार्च की रात जब वह अपनी खाट पर लेटकर टीवी देख रहे थे, तभी उनके भाई का बेटा कृष्णा झोड़े शराब के नशे में वहां पहुंचा। आरोपी ने अचानक धारदार हथियार से टेकचंद के गले पर वार कर दिया। हमले में उनकी गर्दन पर गहरा घाव हुआ है।

टेकचंद के अनुसार, पहले वार के बाद जब आरोपी दूसरा हमला करने वाला था, तब उन्होंने उसका हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान परिवार के अन्य सदस्य शोर सुनकर मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव किया, जिससे उनकी जान बच सकी। घायल को पहले खैरलांजी और फिर गंभीर स्थिति के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही खैरलांजी पुलिस ने आरोपी कृष्णा झोड़े को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1) और 331(2) के तहत हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जमीन में मिट्टी से जुड़ा हुआ खेल है कबड्डी प्रतियोगिता-विवेक पटेल
# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम अतरी में शिवाजी क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाईनल मैच में ग्राम मंगेझरी ने ग्राम अतरी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। ग्राम मंगेझरी की टीम ने तीनों ही राउंड में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक तरफा जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक विवेक विक्की पटेल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे, उनके साथ अतिथि के रुप में राजकुमार चौधरी, संदेश बिसेन, दूरदर्शन रिनायत, संतोष पटले, विशाल डायरे, हरीश भगत, राजा रिनायत, अंकित पटले, कुलदीप डायरे, लोकेश डोंगरे, पुनेश पटले, महेश मारवाड़ी, तेजसिंह रिनायत, भैयालाल बांगडे, हार्दिक डायरे सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

समापर समारोह में पहुँचने पर विधायक श्री पटेल व अन्य अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया। जिसके बाद अतिथियों ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। मैच के दौरान मंगेझरी की टीम के खिलाड़ी शुरुआत से ही अतरी की टीम के खिलाडिय़ों पर भारी पड़ रहे थे। उन्होंने तीन राऊंड के मैच में सभी राऊंड में अतरी की टीम पर लगातार बढ़त बनाई रखी और आखिरकार प्रतियोगिता की विजेता टीम बनने का गौरव हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता के दौरान मंगेझरी की टीम एक भी मैच नहीं हारी है। विजेता टीम मंगेझरी और उपविजेता टीम अतरी को विधायक विवेक विक्की पटेल व अतिथियों के हस्ते पुरुस्कृत किया गया।

# जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, 10 वाहन जब्त किये गये

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिला प्रशासन के निर्देश पर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से कुल 10 वाहनों को जब्त किया गया है।**



उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि 21 मार्च 2026 को ग्राम भमोड़ी में जांच के दौरान बिना नंबर का एक पॉवरटेक ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते पाया गया, जिसे जब्त कर कलेक्ट्रेट की खनिज शाखा कार्यालय में खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार 23 मार्च 2026 को समनापुर में कार्रवाई के दौरान एक डंपर क्रमांक-H-0987 को गिट्टी का अवैध परिवहन करते तथा एक ट्रैक्टर क्रमांक-MP50-AA-0486 को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया, जिन्हें जब्त किया गया है। कटंगी तहसील के ग्राम बाहकल में खनिज विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़े गए, जिन्हें पुलिस थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है। किरनापुर तहसील के ग्राम पौनी स्थित सोन नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली को राजस्व अमले द्वारा जब्त किया गया है।

उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया कि इस प्रकार जिले में कुल 10 वाहनों पर कार्रवाई की गई है। संबंधित प्रकरणों में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियम 3 का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

//नाम परिवर्तन सूचना//

मैं MOHAMMAD SHAKEEL AHMED S/O MOHAMMAD DASTAGIR AHMED एवं पत्नि FOUZIYA SHAKEEL AHMED निवासी वार्ड नं.11 लांजी जिला बालाघाट का हूं कि मेरे दस्तावेजो में पेन कार्ड, आधार कार्ड में मेरा नाम SHAKEEL AHMAD S/O MOHAMMAD DASTAGEER और पत्नि SAMEENA SHAKEEL AHMED दर्ज हैं। आज दिनांक से मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जावे जो कि मेरे दस्तावेजो में मेरा नाम लिखा व पढ़ा जावें।

//नाम परिवर्तन सूचना//

मैं SADIA AHMED W/O MOHAMMAD DASTAGIR AHMED एवं पिता MOID AHMED ANSARI निवासी वार्ड नं.11 लांजी जिला बालाघाट का हूं कि मेरे दस्तावेजो में पेन कार्ड, आधार कार्ड में मेरा नाम SADIYA AHMED W/O D.R. M.D. AHAMED और पिता MOID AHMED दर्ज हैं। आज दिनांक से मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जावे जो कि मेरे दस्तावेजो में मेरा नाम लिखा व पढ़ा जावें।

## सार्वजनिक स्थल पर बिना अनुमति वीरांगना रानी अवंती बाई मूर्ति रखे जाने से आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
# लाड़सा के जय स्तंभ चौक में रातों-रात प्रतिमा स्थापना पर विवाद, ग्रामीणों ने हटाने की मांग की

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत लाड़सा में जय स्तंभ चौक स्थापित है जिसे देवी चौक के नाम से भी जाना जाता है। इसी जय स्तंभ चौक पर 22 मार्च की रात्रि में एक समुदाय के द्वारा रातो रात वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा स्थापित कर ली गई। इसी प्रतिमा स्थापना का ग्रामीणो ने विरोध जताते हुये एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपा है। बतादे कि पूर्व में उक्त प्रतिमा स्थापना के सबंध में 5 मार्च को ग्रामीणो के द्वारा सरपंच एवं सचिव को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें उल्लेख है कि ग्राम पंचायत लाड़सा में जय स्तंभ चौक में निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन पर रोक लगाई जाये। वीरांगना रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थापना हेतु जो भूमि पूजन किया गया है उस स्थल में उक्त प्रतिमा ना किये जाने हेतु आम जनता गणो के द्वारा रोक लगाना चाहते है। कारण की देवी चौक एवं जय स्तंभ सार्वजनिक स्थल है यहां से बडी मात्रा में लोगो का आवागमन होता है प्रतिमा स्थापना होने के बाद प्ररेशानी हो सकती है। लेकिन इस शिकायत पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई तथा 22 मार्च को लोधी समाज के युवको के द्वारा रातो रात वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कर ली गई प्रतिमा स्थापना के बाद स्थानीय लोगो में आक्रोश व्याप्त हुई तथा उनके द्वारा 23 मार्च को एसडीएम कार्यालय लांजी पंहुचकर एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें लेख है कि मध्यप्रदेश शासन जय स्तंभ स्मारक लाडसा के खाते की भूमि पर स्मारक को क्षति कारित करते हुये जोर जबरन एवं बल पुर्वक अवैध कब्जा कर वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा मध्य रात्रि को बिना अनुमति के स्थापना किये जाने से ग्रामीण जनों में आक्रोश की स्थिती बन चुकी है। जिस पर त्वरित जांच कार्यवाही करते हुये तत्काल अवैध प्रतिमा स्थापना को हटाये जाने के आदेश पारित किया जाये। मध्यप्रदेश शासन जय स्तंभ स्मारक को क्षतिकारित करते हुये विधि के विपरित मुर्ति स्थापित की गई है। उक्त आवंटित भूमि पर राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 जनवरी, 15 अगस्त सहित अन्य कार्यक्रम किये जाते है तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन, ग्रामीण बैठक, चौपाल आदि के कार्यक्रम भी इसी स्थान पर संपादित किये जाते है। जिस पर मनमानी करते हुये अनावेदक गणो के द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई है जो कि विधि के विपरित है। अतः उक्त प्रकरण की पूर्णतः जांच कर प्रतिमा को हटाये जाने की मांग ग्रामीण जनो के द्वारा की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यंकट नखाते, सुरेश नखाते, देवेन्द्र नखाते, राकेश कामड़े, छबिलाल ठाकरे, रामेश्वर, युवराज मेश्राम, रंजित सिंह सिसोदिया, अंकुश टेंभरे, रामप्रसाद राऊत, लक्ष्मीकांत पूशाम, विजय, हेमराज टेकाम, अनिल टेकाम, गणपत ठाकरे, समीर ठाकरे, डुलेश्वर टेंभरे, शिवम मर्सकोले, राजू राऊत, कुंवर राऊत, बालकदास मेश्राम, संजय रावते, राधेलाल, देवेश रावते, नंदकिशोर रावते, पारस टेंभरे सहित अन्य जनों के द्वारा उक्त ज्ञापन सौंपा गया है।



कार्यालय ग्राम पंचायत अरनामेटा
जनपद पंचायत बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)
//निविदा-सूचना//

क्रमांक / ग्रा.पं./ दिनांक 21/03/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं ग्राम पंचायत अरनामेटा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा 14वॉ व 15वॉ वित्त गौण खनिज मद राज्य वित्त आयोग, स्वराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक निधि, सांसद निधि, सर्व शिक्षा अभियान, स्टाम्प शुल्क, कार्ड योजना वे स्टेशनरी क्रम, कार्यालयीन काम, मरम्मत व संधारण कार्य, नवीन लीज कार्यो हेतु सामग्री-स्टेशनरी फर्नीचर, सिमेंट, लोहा, गिट्टी, रेत, मुरूम, मिट्टी, मिक्चर मशीन, वाइब्रेटर, ईंट, पॉलीथीन, वर्षाकाल हेतु पाईप, पौधे, पंडाल व्यवस्था आदि अन्य सामग्री शामिल हैं, क्रय की जाना हैं। अतः इच्छुक सप्लायर अपना कोटेशन बंद लिफाफे में दिनांक 24/03/2026 से 30/03/2026 तक बंद कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। निविदा संबंधित संपूर्ण जानकारी ग्राम पंचायत अरनामेटा से प्राप्त कर सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत अरनामेटा का होगा।

श्रीमती प्रेमबत्ती उइके, सरपंच | कमलेश दमाहे उपसरपंच | सचिन आंबिलकर सचिव | बसंत सरोते सहायक सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अरनामेटा